II

राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या–प0नि0 30–09/2015 ~~1798~~ 1810

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
दरभंगा।

पटना, दिनांक– 10.04.24

विषय :– अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु प्रेषित प्रस्ताव में वांछित कागजात उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– आपका पत्रांक 31 दिनांक 22.01.2024, पत्रांक 117979 दिनांक 07.03.2024 एवं पत्रांक 120399 दिनांक 18.03.2024

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु आयोग को प्रतिवेदन/प्रस्ताव प्रेषित किये गये हैं। जिनके समीक्षोपरान्त प्रतिवेदन में निम्न कागजात उपलब्ध नहीं है, जिनके आभाव में रिक्त पद पर निर्वाचन की तिथि निर्धारित करने में कठिनाई हो रही है :–

1. **सदर प्रखंड में ग्राम पंचायत शीशो पूर्वी** के उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव संबंधी प्रतिवेदन नियमानुसार नहीं है तथा **शीशो पश्चिमी** के उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव संबंधी साक्ष्य एवं प्रतिवेदन संलग्न नहीं है।
2. **प्रखंड मनीगाछी ग्राम पंचायत जतुका पैकटोल** उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में तामिला संलग्न नहीं है।
3. **प्रखंड दरभंगा सदर ग्राम कचहरी बलहा के उप मुखिया** के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव बैठक संबंधी प्रतिवेदन में तामिला संलग्न नहीं है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि उक्त वांछित कागजात पत्र प्राप्ति से दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय। ताकि संदर्भित रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु तिथि निर्धारित की जा सके।

विश्वासभाजन,
10/4/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

10.4.24